हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 16 जून 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



**खबर संक्षेप**



## प्राचार्य ने रक्तदान कर लोगों को किया प्रेरित

**मगरलोड।** शासकीय हाईस्कूल बोड़रा के प्राचार्य श्यामसुंदर साहू ने विश्व रक्तदाता दिवस पर एक जरूरतमंद को रक्त देकर लोगों को रक्तदान करने के लिए अपील करते हुए कहा कि रक्तदान पुनीत कार्य है। रक्तदान करने से शरीर को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होता। बल्कि यह दूसरों की जिंदगी बचाने का बहुत आसान तरीका है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति जरूरतमंद को रक्त दे सकता है। कई बीमारियों का निदान रक्तदान से हो जाता है। शरीर में नई ऊर्जा आती है। किसी भी मौसम में हर 3 महीने के बाद ब्लड दे सकते हैं। प्राचार्य हर 3 से 4 माह में जरूरतमंद को रक्त देते हैं। अभी तक वे 15 बार रक्तदान कर चुके हैं। प्राचार्य अपने गांव में साथियों के साथ मिलकर रक्तदान शिविर का आयोजन कर लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते हैं।

## रोमेश बनेगा चरमुड़िया से पहला एमबीबीएस डॉक्टर

**कुरुद।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2025 के नतीजों में कुरुद के होनहार छात्र ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चरमुड़िया के रोमेश कुमार साहू ने ऑल इंडिया रैंक 4954 हासिल किया। रोमेश के पिता चैनसिंह साहू, माता मोतिम साहू ने रोमेश की इस उपलब्धि पर हर्ष जाहिर करते हुए बताया कि मेरे परिवार, गांव व साहू समाज का यह पहला छात्र होगा जो एमबीबीएस की पढ़ाई कर डॉक्टर बनेगा। भाई रेखराज साहू ने बताया कि उसका बचपन से सपना था कि वह एक डॉक्टर बने, इसलिए वह बचपन से अपने सपने को लेकर मेहनत कर रहा था। रोजाना 8 घण्टे की पढ़ाई कर रोमेश हर कक्षा में टॉप आता था। 12वीं बोर्ड में 86 प्रतिशत के साथ नीट की परीक्षा में अच्छा रैंक हासिल करना हमारे लिए गर्व की बात है।



- नीट परीक्षा में लाया 4954 रैंक

**निधन**

### अंजोरसिंह साहू



**धमतरी।** ग्राम गातापार के प्रतिष्ठित नागरिक व आरएसएस के वरिष्ठ सदस्य, जनसंघ के कार्यकर्ता अंजोरसिंह साहू का निधन 14 जून को हो गया। उनके अंतिम संस्कार में समाजजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए। संपूर्ण कार्यक्रम गातापार में होगा। वे संघ के नगर कार्यवाह मोहित साहू, हिन्दू जागरण मंच के जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू के दादा तथा दीनदयाल साहू, केशवराम साहू, कुंजलाल साहू, जयप्रकाश साहू के पिता थे। सैकड़ों नागरिकों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### करगा में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का आयोजन

# अटल जी की जनकल्याणकारी योजनाएं घर-घर पहुंच रही : लोकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव





ग्राम करगा में सिर्री मंडल स्तरीय विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ लोकेश साहू ने कहा कि अटलजी की सभी योजनाएं चाहे प्रधानमंत्री आवास हो, स्वच्छ भारत मिशन हो, उज्ज्वला योजना हो, जनधन खाता की योजना हो, निशुल्क खाद्यान्न योजना हो घर-घर तक पहुंच रही है। सिर्री मंडल के प्रभारी भानु चंद्राकर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी की योजनायें घर-घर पहुंच रही हैं। मोदी के नेतृत्व में देश मजबूती के साथ आगे बढ़ा है। गौकरण साहू जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि मोदीजी ने सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास के मंत्र से देश के हर नागरिक की विकास को मुख्य धारा से जोड़ा है।

कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के नेतृत्व में कुरूद विधानसभा विकास की ओर बढ़ रही है। चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो या स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो सड़क, बिजली, पानी सभी योजनाएं कुरूद विधानसभा में दिख रही है। सिलौटी कॉलेज, भखारा कॉलेज, सिर्री कॉलेज, एलएलबी की स्वीकृति, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, पॉलीटेक्निक कॉलेज, कृषि महाविद्यालय, 100 बिस्तर अस्पताल, एम्स की स्वीकृति, पुल पुलिया व सड़कों का जल बिछ गया है।

मुख्य वक्ता नेहरू निषाद पिछड़ा वर्ग आयोग ने कहा कि जब से देश के प्रधानमंत्री मोदी जी बने हैं तब से सभी क्षेत्र में विकास हो रहा है। आंतरिक मामले में आत्मनिर्भर सुरक्षित सशक्त और विकसित भारत की ओर हम आगे बढ़ रहे हैं। भारत की नीति में एक ऐतिहासिक बदलाव आया है। आर्थिक रूप से भारत वर्तमान में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। कार्यक्रम में कुलेश्वरी गायकवाड़ जिपं सभापति, श्रीमती सावित्री साहू सरपंच करगा, पुष्पेंद्र साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, गौरव भोंसले महामंत्री, जागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष, नारायणगिरी गोस्वामी, प्रदीप बैस, नोमेश साहू, हेमंत साहू समिति अध्यक्ष, भूपेंद्र साहू, जीवनलाल साहू, ललिता भतपहरी जनपद सदस्य, रामखिलावन साहू समिति अध्यक्ष, नरेंद्र ध्रुवंशी समिति अध्यक्ष, टकेश्वर चंद्राकर, रूपचंद देवांगन जपं सभापति, टेकराम साहू जनपद सदस्य, पूजा साहू, ईश्वरी तारक , दुलारूराम साहू, योगेश साहू, देवचरण चंद्राकर सरपंच जीजामगांव, योगेंद्र साहू सरपंच कुल्हाड़ी, पूरन धृतलहरे सरपंच अछोटी, संदीप डहरिया सरपंच मुल्ले, गुलशन साहू सरपंच दरबा, विजय रात्रे सरपंच दर्रा, जयमित्र सरपंच गोजी, शिवराम श्रीहोल सरपंच संकरी, शेखर साहू पूर्व सरपंच मड़ेली सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन हरिशंकर साहू संयोजक सिर्री मंडल ने किया। उन्होंने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम 17 जून को प्रत्येक ग्राम में आयोजित किया जायेगा। इसके लिए प्रत्येक ग्राम प्रभारी नियुक्त किया गया है। 21 जून को योग दिवस, 23 जून को बलिदान दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन थानेश्वर तारक महामंत्री सिर्री मंडल ने किया।

## राष्ट्रीय राजमार्ग के चार ढाबा संचालकों पर कार्रवाई



- अवैध रूप से शराब बेचने एवं परोसने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)

क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित ढाबों में शराब की अवैध बिक्री किये जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही थी। लगातार प्रशासन के दबाव पर पुरूर पुलिस ने क्षेत्र के चार ढाबा संचालकों के विरूद्ध अवैध रूप से शराब बेचने एवं परोसने वालों पर कार्रवाई करते हुए उनके पास से शराब जब्त की है।

लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग के निर्देश पर एसपी योगेश पटेल के मार्गदर्शन पर एएसपी मोनिका ठाकुर एसडीओपी बोनीफास एक्का के पर्यवेक्षण में थाना पुरूर थाना एवं साइबर टीम ने चार ढाबा संचालकों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

थाना प्रभारी श्री सिन्हा ने बताया कि ग्राम बालोदगहन में स्थित सोनी ढाबा के बनियापारा धमतरी निवासी तुषार सोनी उम्र 22 वर्ष, हाईवे ढाबा चिटौद के विवेक सिन्हा उम्र 33 वर्ष, ज्योति कुंज ढाबा चिटौद के संजय कृदत्त उम्र 32 वर्ष, एनएच 30 ढाबा पुरूर के निखिल माधवानी उम्र 27 वर्ष निवासी धमतरी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई करते हुए उनके पास से 11 पौवा अंग्रेजी शराब विहस्की, 14 पौवा रायल स्टेज अंग्रेजी शराब, 2 बोतल अंग्रेजी रायल स्टेज 14 बोतल बीयर कुल 15,100 बुल्क मीटर कीमत लगभग 8830 रूपये जब्त कर कार्रवाई की गई है।

## बठेना एवं महात्मा गांधी वार्ड में चुने गए पंच



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महात्मा गांधी एवं बठेना वार्ड में धीवर समाज से पंच, युवा प्रकोष्ठ , महिला प्रकोष्ठ के लिए नामों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। महात्मा गांधी वार्ड में पंच दुर्गेश रिगरी, कृष्णा सपहा, महेंद्र सपहा, गणेश नाग, श्रवण फूटान, युवा प्रकोष्ठ में गोपाल सपहा, तुषार ओझा, दीपक सार्वा, दिलीप रिगरी एवं महिला प्रकोष्ठ में कमलेश्वरी फूटान, सीमा सपहा, उर्वशी रिगरी चुने गए।

बठेना वार्ड में पंच रामनारायण जगबेड़हा, युवा प्रकोष्ठ हेतु युवराज धरमगुड़ी, हेमंत धरमगुड़ी, रामस्वरूप कोसरिया, मुरली धरमगुड़ी तथा महिला प्रकोष्ठ हेतु लक्ष्मी जगबेड़हा, गीता जगबेड़हा एवं गुलापाबाई कोसरिया चुने गए। एक पंच को 10 घर के बच्चों की शिक्षा एवं शाला त्यागी बच्चों की निगरानी की जिम्मेदारी दी गई। धीवर समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान ने कहा कि लक्ष्य को पाने के लिए समाज के प्रत्येक परिवार तक समाज के पदाधिकारियों का सम्पर्क होना आवश्यक है। वार्ड के पंच बच्चों की शिक्षा के साथ विवाह योग्य बेटियों की भी जानकारी रखेंगे ताकि उनके विवाह संबंध जोड़ने में आसानी हो सके।

## मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियां गिनाई

- ग्राम परसट्ठी में भाजपा मेघा मंडल ने लगाई जनचौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड





मेघा मंडल द्वारा सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण संकल्प से सिद्धि तक मण्डल स्तरीय जन चौपाल कार्यक्रम ग्राम परसट्ठी में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निरंजन सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी स्थापना से 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेमिसाल 11 साल की उपलब्धियों को आम मानस के सामने रखा। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र ,विश्व गुरु बनाने के लिए भाजपा दृढ़ संकल्पित है।

सह वक्ता त्रिलोक जैन भाजपा जिला मंत्री ने बताया कि आज लिंग भेद दूर हो गया है। लोगों की सोच बदली। अब बेटा-बेटी में कोई भेद नहीं। आगे कहा कि भूपेश बघेल की सरकार ने 18 हजार आवास नहीं दिए। हमारी सरकार बनते ही गरीबों का आशियाना बनाने का सपना पूरा हो रहा है। मंडल प्रभारी श्याम साहू ने कहा कि मोदीजी के आने से भारत की दशा और दिशा बदल गई। आज गांव-गांव में पक्की सड़क, नल से जल हर घर पहुंच रहा है। जन धन योजना से करोड़ों लोगों का खाता खुलवाया गया। किसानों को पीएम किसान सम्मान की राशि दी जा रही है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, जिपं सदस्य सभापति मीना साहू, जनपद सदस्य कृषि सभापति राजेश साहू, टेकराम साहू, कार्यक्रम संयोजक होरीलाल साहू, सहसंयोजक धर्मेंद्र साहू, घनश्याम साहू, मंडल महामंत्री प्रीत रामदेवांगन, कुशलकांत साहू, उपाध्यक्ष हृदय साहू, लेखन साहू, जनपद सदस्य विनीता साहू, सरपंच डोमन साहू, राजेश्वरी आनंद पटेल, हेमलता देवांगन महिला मोर्चा अध्यक्ष, डामेश्वरी यादव, दुर्गेश यादव, डगेश्वर सोनकर, संतोष सोनी, हेमंत साहू, सरपंच खेमू साहू समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर वात्सल्य सृजन यूथ ऑर्गनाइजेशन द्वारा मानस सेवा ब्लड बैंक धमतरी में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें संस्था के कार्यकारिणी सदस्यों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 25 यूनिट रक्तदान किया। यशपाल साहू अध्यक्ष, देवनारायण साहू संरक्षक, शीतलेश साहू कार्यक्रम प्रभारी, प्रीतेश साहू कोषाध्यक्ष, सदस्य भूपेंद्र कुमार साहू, युवराज निर्मलकर, रामेश्वर निषाद, हिमांशु साहू, जयंत साहू, पूनमचंद साहू, खिलेश्वर साहू समेत अन्य युवाओं ने रक्तदान किया। इस महा अभियान में ब्लड सेंटर के संचालक आशीष साहू सहित स्टाफ सदस्य पारस साहू, मोनिका साहू, पूजा यादव एवं नम्रता साहू उपस्थित रहे। रक्तदाताओं को रक्तदान के बाद यातायात सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हेलमेट प्रदान किया गया। वात्सल्य सृजन यूथ ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष यशपाल साहू ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सबसे सरल और प्रभावशाली माध्यम है। संरक्षक देवनारायण साहू ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में जागरूकता बढ़ती है। हमें जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए, यही सच्ची सेवा है।

## सामूहिक आदर्श विवाह एवं शिक्षा पर दिया जोर





- कोसरिया यादव समाज की हुई प्रदेश स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज की प्रदेशस्तरीय बैठक राजकुमार कालेज के सामने महेश भवन रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष डां. अजय यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वक्ताओं ने सामाजिक, राजनीति, शिक्षा, सामूहिक आदर्श विवाह कराने जैसे विषयों पर उद्बोधन दिया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय यादव ने सभी जिलाध्यक्षों को प्रदेश संगठन से संबद्धता प्राप्त करने की अपील की। सभा का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष माधव कुंवर सिंह यादव एवं प्रदेश सचिव राजेश कुमार यादव ने किया।

मौके पर सिहावा क्षेत्र से संरक्षक बलदाऊ यादव, अध्यक्ष दीनदयाल यादव, सचिव चंद्रभान यादव, सलाहकार पवन यादव, गंगाराम यादव, गोपाल यादव, शत्रुघन यादव, धमतरी ग्रामीण अध्यक्ष बलराम यादव शकरवारा, सचिव प्रभुराम यादव अमेठी, कोषाध्यक्ष सोहनलाल तेंदुकोना, रामकुमार यादव सारंगपुरी, जिला अध्यक्ष मोहनसिंह यादव, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रोहित यादव कांशीपुरी, उपाध्यक्ष रोशन यादव सारंगपुरी, सचिव हेमलाल यादव दर्री, कोषाध्यक्ष नरेंद्र यादव भैंसमुंडी, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी यादव पीपरछेड़ी, उपाध्यक्ष सरोज यादव कांशीपुरी, सचिव श्रीमती गायत्री यादव भानपुरी, कोषाध्यक्ष संतोषी यादव शामिल हुए। यह जानकारी तुलसीराम यादव ने दी।

## इतवारी बाजार में कपड़े के थैलों का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम महापौर रामू रोहरा, आयुक्त प्रिया गोयल एवं उपायुक्त पीसी सार्वा के मार्गदर्शन में इतवारी बाजार में कपड़े के थैलों का वितरण कर जनजागरूकता फैलाई गई।

थैला अपनाने वाली इको फ्रेंडली माताओं और नन्हे पर्यावरण योद्धाओं का सम्मान कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया गया। आदि शक्ति ठाकुर, महाराणा वीर प्रताप ठाकुर, मान्या-लवीश मुंजवानी, संस्कृति गुप्ता, शौय वाधवानी, रितु सोनी, देविका और कृति फाइन आर्ट्स के बच्चों ने थैला हाथ में लेकर लोगों को प्रेरित किया।

समाजसेवी सूर्या लुंकड़ के जन्मदिन को यादगार बनाया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर प्रकृति को प्रेम का उपहार दिया गया।

**:: शपथ-पत्र ::**

मै राजेश पटेल पिता रामसिंग, उम्र 31 वर्ष, जाति मरार निवासी ग्राम हसदा नं. 01 पोस्ट हसदा नं. 01 तहसील मगरलोड जिला धमतरी (छ.ग.) की निवासी हूं। जो नीचे लिखे अनुसार शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :-

1. यह कि,मै शपथकर्ता का नाम एवं पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मै शपथकर्ता के ड्राईविंग लाईसेंस में मेरा नाम राजेश कुमार दर्ज है, जिसे अपने आधार कार्ड में दर्ज नाम के अनुसार राजेश पटेल दर्ज कराना चाहता हूं, जिसके समर्थन में शपथपत्र प्रस्तुत है। अतः शपथपत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापनः-** यह कि, मै शपथकर्ता सत्यापित करता हूं कि उपर्युक्त शपथपत्र की कंडिका क्रमांक 1 से 2 तक में दी गई जानकारी मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास सत्य एवं सही हैं, जिसे सही पाकर सत्यापित किया।

स्थानः- मगरलोड
दिनांकः- 11.06.2025 **राजेश पटेल**
**सत्यापनकर्ता**

### संयोजक शीतल मंडावी, अध्यक्ष हीराराम ध्रुव बनाए गए

# आमदी में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना ने नगर पंचायत आमदी में संगठन के विस्तार के लिए बैठक रखी जिसमें गांव के कई युवाओं ने सदस्यता ली। जिला संयोजक अमित वर्मा ने कहा कि धमतरी जिले के सभी गांवों और शहरों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। महिला क्रान्ति सेना अध्यक्ष श्रीमती चित्ररेखा देवदास ने युवाओं को नशे से दूर रहने को कहा।

निखिलेश देवान साहू ने युवाओं को अपने हक अधिकार के लिए आवाज़ उठाने के लिए प्रेरित किया। चंद्रभान साहू ने युवाओं को छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परम्परा, तीज तिहार भव्य रूप से मनाने केलिए प्रेरित किया। इस दौरान छत्तीसगढ़िया युवा क्रान्ति सेना का विस्तार किया गया।

जिला संयोजक यशवंत साहू, अध्यक्ष डोमेशवर साहू, उपाध्यक्ष हर्ष सिन्हा को नियुक्त किया गया साथ ही नगर पंचायत आमदी में छत्तीसगढ़िया युवा क्रान्ति सेना का गठन किया गया संयोजक शीतल मंडावी, अध्यक्ष हीरा राम ध्रुव, उपाध्यक्ष कमलनारायण, संगठन मंत्री गणेश्वर मटियारा, सचिव भेमराज, मीडिया प्रभारी रोशन कुंभकार नियुक्त किए गए। बैठक में रीना सोनवानी ,डोपेश्वर साहू, उमेश प्रजापति, डमेश मरकाम, प्रेमलाल पटेल, हिरेंद्र कुमार, भुवनेश्वर, मोरध्वज मंडावी, कौशल सिन्हा, यशु कुमार, गंगा निषाद, योगेश किरण साहू उपस्थित थे।



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 16 जून 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

12 अटल जी की जनकल्याणकारी योजनाएं घर-घर पहुंच रही ...



14 हरी सब्जियों की कीमत बढ़ी, बजट बिगड़ा






अत्याधुनिक लेज़र से
पाइल्स, फिशर, फिस्चुला, साइनस, वार्ट, पोलिप तथा मलद्वार की अन्य समस्त तकलीफों का त्वरित एवं स्थाई समाधान।

एसएमसी हॉस्पिटल
रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी
मो. 7725046397, 930898331

लेज़र के फायदे -
बिना चीरा, बिना टांका, बिना रक्तस्त्राव, न्यूनतम दर्द, जलन, परेशानी, पट्टी, दवाई एक दिन भर्ती, शीघ्र रिकवरी, दीर्घकालिक परिणाम आसान, सुरक्षित, किफायती, दोबारा होने का डर नहीं।

आज ही सम्पर्क करें -
पैकेज 15000/- से प्रारंभ

प्रदीप हॉस्पिटल
बाईपास रोड, कुरुद, जिला- धमतरी
मो. 7725001343, 9893659633




## खबर संक्षेप

### काव्या का नवोदय में चयन



**धमतरी।** छात्रा काव्या रामटेके पिता हेमंत रामटेके का चयन कक्षा 6वीं के लिए नवोदय विद्यालय हुआ है। काव्या के माता-पिता पेशे से शिक्षक हैं। इस उपलब्धि पर आरके सिन्हा सहित अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### घोटगांव में आयुष स्वास्थ्य मेला 18 को


**नगरी।** ग्राम घोटगांव के बाजार चौक के पास 18 जून को एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में वात व्याधि, संधिरोग, चर्मरोग, अर्शरोग, उदररोग, नेत्र रोग, मधुमेह रोग, उच्च रक्तचाप, श्वास, कास इत्यादि रोगों का आयुर्वेद एवं होम्योपैथी एवं योग पद्धति से परीक्षण उपरांत निःशुल्क उपचार प्रदान किया जायेगा। नेत्र एवं रक्त जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यह जानकारी डॉ रविन्द्र कुमार वर्मा आयुष मेला प्रभारी नगरी ने दी।

### शारीरिक दक्षता एवं लिखित परीक्षा संबंधी कार्यशाला 17 को

**धमतरी।** जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए 17 जून को कार्यशाला आयोजित की जाएगी। वीर चक्रधर ऑडिटोरियम डिपो रोड कुरूद में आयोजित इस कार्यशाला में आर्मी भर्ती कार्यालय रायपुर के विशेषज्ञों द्वारा परीक्षा संबंधी मूलभूत जानकारी के साथ ही उत्तर लेखन कौशल एवं समय प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# मजदूरी कर बेटियों को बनाया पहलवान, मैडलों से भर गया घर

दीपनारायण शर्मा ⏭धमतरी



बंशीलाल साहू

बंशी उस्ताद, पूरा गांव अब उसे इसी नाम से जानता है और ऐसा हो भी क्यूं ना। उसने काम ही ऐसा किया। खुद तो कुछ भी पढ़ नहीं पाए। लेकिन बेटियों को पढ़ाया ही नहीं बल्कि पहलवान भी बनाया। पावर लिफ्टिंग में अब उसकी दो बेटियां मैडल पर मैडल ला रही हैं। पूरा गांव उसे धमतरी का महावीर सिंह फोगाट मानने लगा है।

दो महिला पहलवानों की जिंदगी पर बनी फिल्म दंगल का महावीर सिंह फोगाट का कैरेक्टर आज भी कई लोगों के लिए प्रेरणादायक है, जिसमें पिता महावीर सिंह फोगाट ने अपनी बेटियों को पहलवान बनाया। धमतरी जिले के छोटे से गांव खपरी में भी महावीर सिंह जैसा करेक्टर रहता है, जिसका नाम बंशीलाल साहू हैं। बंशी की जिंदगी कठिनाइयों से भरी रही। 6 साल की उम्र में जब वे पहली कक्षा में पढ़ रहे थे, तब माता-पिता का साया उनके सिर से उठ गया। पेंडरवानी निवासी दीदी द्रौपदी और जीजा कचरू ने उनका लालन पालन किया, लेकिन वे पढ़ नहीं पाए। पेंडरवानी में रहकर 10 साल तक उन्होंने बकरी चराने का काम किया। इसके बाद गांव लौटकर दूसरों के यहां नौकर बनकर जीवनयापन किया। करीब 25 साल तक वे नौकर लगते रहे। इसके बाद गांव में ही वे लोगों की भैंस चराने लगे। सुबह से शाम तक वे मालिकों के घर में सेवा देते थे। इसके बाद वे अखाड़ा में प्रैक्टिस करने लगे। शादी हुई, बच्चे हुए फिर भी उन्होंने अखाड़ा नहीं छोड़ा। उनसे प्रेरणा लेकर उनकी दो बेटियां ओजल और देवकी ने भी पहलवानी को करियर के रूप में चुना। वे पावर लिफ्टिंग में प्रैक्टिस कर रही है। ओजल ने बताया कि उनके पिता उनका हर प्रकार से ख्याल रखते हैं। खाने-पीने से लेकर प्रैक्टिस में आने वाले खर्च में मदद करते हैं। दोनों को गुरु भी अच्छे मिले हैं, जो उनकी हर प्रकार से मदद करते हैं। इन सबके आशीर्वाद से दोनों बहन प्रदेश स्तर ही नहीं राष्ट्रीय स्तर पर भी कई मैडल ला चुकी हैं।


## बेटियों को मजबूत बना रहे है धमतरी के "महावीर फोगाट''

### खेती में निपुण हैं बेटियां

वैसे तो गांवों में अधिकांश महिलाएं खेती करती हैं, परंतु खेती के मेहनत वाले काम पुरूष ही करते हैं। बंशीलाल की बेटियां खेती के हर काम में निपुण हैं। खेती में जो काम पुरूष करते हैं, उन कार्यों को भी वे आसानी से कर लेती हैं। बोरा उठाने से लेकर बैलगाड़ी चलाना। खेतों की जुताई, मताई, बैलगाड़ी चलाना जैसे काम भी रोजाना करती है।



### जीतकर लाईं कई मैडल



ओजल



देवकी

ओजल ने पावर लिफ्टिंग की कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मैडल लाया है। मुंबई में प्रथम, हिमाचल प्रदेश में द्वितीय, झारखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त कई मैडल उसने प्रदेश और जिल से लाए हैं। देवकी ने दिल्ली और दल्लीराजहरा की प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। हाल ही में 22 दिसंबर को पेंड्रा में आयोजित प्रतियोगिता में उसने प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

### आज भी करते हैं मजदूरी

बंशी को पूरा गांव सम्मान से बंशी दादा, बंशी उस्ताद के नाम से संबोधित करता है। इन सब के बीच 55 साल से ज्यादा उम्र होने के बाद भी बंशी आज भी मजदूरी करते हैं। थोड़ी बहुत खेती है। उस पर सब्जी और धान लगाते हैं। मजदूरी के अलावा गांव के आयोजन में कुक का भी काम करते हैं। इन सबसे समय बचाकर वे अखाड़ा का संचालन भी करते हैं। बच्चों को वे पैतराबाजी सिखाते हैं। उनके नेतृत्व में जय बजरंग अखाड़ा के पहलवान कई गांवों में जाकर मातर, मड़ई, मेला सहित अन्य आयोजन में हैरतअंगेज कारनामा दिखाते हैं।

## पेंशनधारियों की समस्या बढ़ी, पेंशन की आधी राशि रिचार्ज में हो रही खत्म

# मुफ्त राशन के लिए ढाई-तीन सौ रुपए का मोबाइल रिचार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चावल लेने के लिए फिंगर प्रिंट मुश्किल से मैच हो रहा है। इससे अब राशन कार्डधारियों पर मोबाइल रखने और रिचार्ज करवाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इसके चलते गरीबों के लिए नई समस्या पैदा हो गई है। कई हितग्राही शासन से मिलने वाली पेंशन पर ही गुजारा करते हैं। ऐसे में ढाई तीन सौ रुपए का रिचार्ज करवाना महंगा पड़ रहा है।



शासन द्वारा तीन माह का राशन दिया जा रहा है। राशन दुकानों में राशन लेने के लिए भीड़ लग रही है। उधर शासन ने पीडीएस के साफ्टवेयर में बदलाव किया है जिसके चलते पॉश मशीन में फिंगरप्रिंट मैच करने में दिक्कत आ रही है। पहले आधार से 25-30 प्रतिशत फिंगरप्रिंट मैच होने पर राशन मिल जाता था। अब इसे बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है। ऐसे में राशन दुकानों में फिंगरप्रिंट लेने में काफी वक्त लग रहा है। एक व्यक्ति को राशन देने के लिए 20-25 मिनट का समय लग रहा है। ऐसे में सेल्समेन लोगों को मोबाइल रखने की सलाह दे रहे हैं, ताकि ओटीपी सिस्टम से चावल दिया जा सके। उल्लेखनीय है कि राशन लेने वाले में ज्यादातर लोग गरीब परिवार से हैं। किसी के पास मोबाइल है तो रिचार्ज करवाने के लिए रुपए नहीं है, किसी के पास तो मोबाइल ही नहीं है। अब चावल लेने के लिए वे मोबाइल रिचार्ज करवा रहे हैं या मोबाइल ले रहे हैं। ऐसे में उनका खर्च बढ़ गया है।

### पेंशनधारियों पर लोड

आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को शासन द्वारा वृद्धावस्था, निराश्रित, दिव्यांग, सामाजिक सुरक्षा आदि पेंशन दी जाती है। इन लोगों को सस्ती दर पर राशन भी मिलता है। उल्लेखनीय है कि इन लोगों को मासिक 350 रुपए से 850 रुपए तक पेंशन मिलती है। उम्र ज्यादा होने के कारण या दिव्यांगता के कारण इनमें से अधिकांश लोगों का फिंगरप्रिंट मैच नहीं हो रहा है। मजबूरी में उन्हें पेंशन की आधी राशि खर्च कर मोबाइल रिचार्ज करवाना पड़ रहा है।

### ऐसे मिलता है राशन

राशन लेने के लिए या तो उपभोक्ता को फिंगरप्रिंट देना पड़ता है या रजिस्टर्ड मोबाइल पर आने वाला ओटीपी बताना पड़ता है। तीन माह का राशन मिलने के कारण उपभोक्ताओं को 6 बार फिंगरप्रिंट देना पड़ रहा है। फिंगरप्रिंट लेने में समय ज्यादा लगने के कारण ओटीपी वाला सिस्टम अपनाया जा रहा है। यहां भी उपभोक्ताओं को 6 बार ओटीपी बताना पड़ता है। मोबाइल में रिचार्ज होने पर इनकमिंग चालू रहता है। ऐसे में ओटीपी प्राप्त करने के लिए मोबाइल रिचार्ज करवाना पड़ रहा है।

### रोमहर्ष को नीट में मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



समीपस्थ ग्राम उमरदा के प्रतिभावान छात्र रोमहर्ष चंद्राकर ने नीट 2025 में आल इंडिया रैंक 1068 व छत्तीसगढ़ में चौथा स्थान प्राप्त किया है। मातृभूमि की सेवा नर सेवा को ही नारायण सेवा मानकर कार्य करने की इच्छा जाहिर किए रोमहर्ष अपने आगे डॉक्टर की पढ़ाई एम्स में करना चाहते हैं। इस उपलब्धि पर उनके पिता हुमन चंद्राकर संयुक्त शिक्षक संघ ब्लाक कुरूद अध्यक्ष, मां श्रीमती द्रोपती चंद्राकर शिक्षक माध्यमिक शाला बानगर, लक्ष्मण प्रसाद चंद्राकरी समेत अनेक लोगों ने हर्ष जाहिर किया है।

## कार डिवाइडर से टकराई, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ ग्राम संबलपुर की घटना

नेशनल हाईवे से गुजर रही तेज रफ्तार कार डिवाईडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना से कार में सवार दो लोग घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर कार क्र. सीजी 05 एक्यू 1251 नेशनल हाईवे से होते हुए ग्राम संबलपुर से गुजर रही थी। इसी दौरान साइकिल सवार अचानक कार के सामने आ गया। साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर डिवाईडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में कार सवार दोनों लोग घायल हो गए। सूचना पर रक्तदान एम्बुलेंस घटनास्थल पहुंची और घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां घायलों का उपचार किया गया। कार सवार घायलों का नाम स्पष्ट नहीं हो पाया है।



## कुरुद के छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर में चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

■ नकाबपोश चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद

कुरूद नेशनल हाईवे स्थित छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर में 13 जून की रात एक नकाबपोश चोर मंदिर में घुसा और दो दानपेटी को घसीटते हुए ले गया। बाद में पेटियों से नकदी निकालकर उसे मंदिर के पीछे फेंक दिया। चोरी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

मंदिर के अध्यक्ष सेवकराम साहू ने बताया कि देर रात एक नकाबपोश चोर घुटनों के बल मंदिर में दाखिल हुआ, ताकि कोई आवाज न हो। पहले उसने पेटी से मौके पर ही पैसे निकालने की कोशिश की, लेकिन असफल रहने पर दानपेटी को घसीटते हुए मंदिर से बाहर ले गया। दानपेटी को तोड़ने के लिए चोर ने लोहे की रॉड और पत्थर का उपयोग किया।



### दानपेटियों का वजन एक क्विंटल के करीब

मंदिर समिति से जुड़े लोगों ने बताया कि दोनों दानपेटी का वजन करीब 1 क्विंटल 10 किलो है। चोर ने एक दानपेटी को मंदिर में ही तोड़कर पैसा निकाल लिया। दूसरी दानपेटी को खेत में ले जाकर तोड़ने की कोशिश की पर चोर पूरे लॉक को नहीं तोड़ पाया। लेकिन रॉड के वार से पैसे निकालने लायक जगह बना ली। हालांकि दान पेटी में ज्यादा राशि नहीं थी लेकिन धार्मिक जगह को चोरों द्वारा निशाना बनाये जाने से श्रद्धालुओं में आक्रोश है।

### पुलिस कर रही आरोपियों की तलाश

चोरी की सूचना पाकर कुरुद पुलिस ने मामले की तस्दीक शुरू कर दी है। टीआई राजेश जगत ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं पुजारियों एवं मंदिर समिति से जुड़े लोगों ने मंदिर के आसपास क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग है।

## शांति भंग करने वाले तीन बदमाश पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ कोतवाली व अर्जुनी पुलिस ने की कार्रवाई

शहर में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पुलिस लगातार अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों व देर रात्रि घूमने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। कोतवाली पुलिस ने पेट्रोलिंग रात्रि में शहर के रामसागर पारा, रिसाईपारा, स्टेशन पारा, मकई चौपाटी, लालबगीचा, गोकुलपुर वार्ड, टिकरापारा, जालमपुर, गड्ढापारा सहित सुनसान स्थानों का गश्त किया। पेट्रोलिंग के दौरान आमापारा शांति कालोनी चौक में देर रात्रि शांति भंग कर घूम रहे आदतन बदमाश संजय यादव पिता गोपाल उम्र 21 वर्ष आमापारा शांति कालोनी चौक निवासी को पकड़ उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इसी तरह अर्जुनी पुलिस भी ग्रामीण क्षेत्र में अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। अर्जुनी पुलिस ने ग्राम गागरा व रांवा में पेट्रोलिंग कर शांति भंग कर रहे रेखराम उर्फ लेखन ढीमर पिता मनहरण उम्र 20 वर्ष ग्राम गागरा व गिरधर साहू पिता द्वारिका प्रसाद उम्र 22 वर्ष ग्राम रांवा निवासी को पकड़ उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस नशाखोरी, अड्डेबाजी, चाकूबाजी करने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है।







## जिले के 38 परीक्षा केंद्रों में 7508 अभ्यर्थियों ने दिलाई परीक्षा, 2827 नदारद रहे

# एडीईओ की परीक्षा में पूछे गए घुमावदार प्रश्न, उलझे परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जिले के 38 परीक्षा केंद्रों में सुबह 10 से 12.15 बजे तक एडीईओ की परीक्षा ली गई। इस परीक्षा में 10335 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 7508 ने परीक्षा दिलाई। 2827 नदारद रहे। परीक्षा के लिए शहर के स्कूल, कालेजों के अलावा आसपास के गांव के स्कूलों को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

परीक्षा समन्वयक प्राचार्य डा. वीके पाठक पीजी कॉलेज थे। परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। परीक्षार्थियों को आधा घंटे पहले परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। उसके बाद मेनगेट बंद कर दिया गया। प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की जांच की गई। इलेक्ट्रानिक आइटम घड़ी, कैमरा, मोबाइल, पेजर, कैल्कुलेटर अंदर ले जाना मना था। सुरक्षा के लिए पुलिस जवानों की डयूटी लगाई गई थी। उड़ददस्ता टीम ने बारी-बारी से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। 12.30 के बाद मेनगेट खोला गया।





परीक्षा दिलाकर बाहर निकले राजेंद्र उइके, निरंजन कुंजाम, सोमलता यदु, प्रमिला साहू, विभा सोनी, शंकुतला मेश्राम, विनोद मरकाम, सोनू पटेल आदि ने बताया कि पेपर में छत्तीसगढ़ से संबंधित सवाल ज्यादा पूछे गए थे। प्रश्न सरल था, लेकिन घुमावदार होने की वजह से समय ज्यादा लगा। पेपर में किस्सा, कहानियां, लोकोक्तियां, दोहा आदि पूछे गए थे। राउतनाचा के दोहे किस्से संबंधित है। दक्षिण कौशल का चाणक्य कौन है। संतान सुख के लिए व्रत, राज्य की जलवायु का नाम, राज्य सरकार का प्रमुख कार्यकारी कार्यपालिका, नगर उत्थान के लिए कितनी राशि दी जाएगी। छग की गुफा किसके लिए प्रसिद्ध है। वानिकी विभाग की प्रमुख योजना, बैगा, कमार, गुर्जर कहां की जनजाति है। इंडिका पुस्तक में दास प्रथा का उल्लेख क्यों नहीं है। पाशुपात महेश्वर संप्रदाय के संस्थापक कौन है आदि प्रश्न पूछे गए थे। परीक्षा में 100 नंबर के 100 प्रश्न पूछे गए।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### चाकूबाजी और नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई का भाजयुमो का समर्थन : कैलाश



**धमतरी।** शहर में बढ़ती चाकूबाजी और सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए धमतरी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सख्त अभियान को भारतीय जनता युवा मोर्चा का खुला समर्थन मिला है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष कैलाश सोनकर ने इस मुहिम को साहसिक और समय की मांग बताते हुए कहा कि जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, वे सीधे तौर पर समाज के दुश्मनों के पक्ष में खड़े हैं। श्री सोनकर ने कहा कि धमतरी की सड़कों को शराबखाना नहीं बनने देंगे। धमतरी की शांति, संस्कृति और युवा पीढ़ी को बचाने के लिए यह लड़ाई जरूरी है। पुलिस की कार्रवाई से जो असहज हैं, उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए कि क्या वे अपराधियों के साथ खड़े हैं या समाज के साथ।

### वातांजलि युवा कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की प्रदेश संयोजक बनी



**धमतरी।** शहर की युवा कांग्रेस नेत्री वातांजलि गोस्वामी छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की प्रदेश संयोजक बनाई गई है। नवनियुक्त प्रदेश संयोजक वातांजलि गोस्वामी ने कहा कि मैं पूरी निष्ठा से अपने पद का सम्मान करते हुए कार्य करूंगी। जवाबदारी मिलने पर उन्होंने युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानुचिब, राष्ट्रीय चेयरमैन सोशल मीडिया मनु जैन, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी उत्कर्ष गौर का आभार व्यक्त किया है।

## इतवारी बाजार अपडेट : खेखसा, टिंडा, ढेंस, धनिया, मुनगा 100 रूपये किलो

# हरी सब्जियों की कीमत बढ़ी, बजट बिगड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जून माह लगते ही हरी सब्जियों का पारा भी चढ़ने लगा है। शहर के चिल्हर बाजारों में हरी सब्जियों के रेट 30 से 40 प्रतिशत बढ़ गए हैं। वहीं कुछ सब्जियों के दाम शार्टेज के कारण दोगुने हो गए हैं। इधर हरी सब्जियों के दाम बढ़ने से किचन का बजट बढ़ गया है। एवरेज 50 से 75 रूपए प्रतिदिन खर्च के हिसाब से चलने वाले किचन का खर्च अब 100 से 150 रूपये हो गया है।

रविवार को शहर के इतवारी बाजार में काफी चहल पहल थी। सब्जियों के रेट बढ़ने से ग्राहक निराश नजर आए। सब्जी विक्रेता बसंती सोनकर, पार्वती ढीमर ने बताया कि रविवार को सब्जियों की आवक कम रही इसलिए खेखसा, टिंडा, शिमला मिर्च, ढेंस, धनिया हरा, मुनगा 100 रूपये किलो तक बिका। करेला, गोभी जैसी सब्जियां 60-80 रूपये प्रतिकिलो भाव में बिकी। गाजर, ग्वारफल्ली, हरा मिर्च, तोराई, कोचई 50-60 रूपये किलो रहा। कुंदरू, बरबटी, भटा, भिंडी, केला, डोड़का, मूली, कटहल 40 रूपये किलो रहा। कुम्हड़ा, टमाटर 30 रूपये किलो बिका तो लौकी 10 रूपये किलो रही।

### आलू-प्याज 25 रूपये किलो

रविवार को आलू प्याज 25-25 रूपए किलो रहा। शक्कर 45 तो गुड़ अब 50-55 रूपये किलो हो गया। खड़ी हल्दी 150-200, खड़ी मिर्च 180-300, धनिया 100-120, जीरा 280, काली मिर्च 680, लहसुन 90-100, रिफाइंड तेल 130, सरसों 80, मेथी 75, अरहर दाल बेस्ट 90-110, मूंग दाल, उड़द दाल 100 रूपये किलो, मसूर दाल 85, चना देशी 70, काबुली चना 100-120, मटर सफेद 60, मटर हरा 100, चनादाल 85, पोहा 50, मसूर खड़ा 80 रूपये किलो बिका। अंडा इस सप्ताह 75 रूपये दर्जन रहा।

## भाजपाइयों ने मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल को बताया ऐतिहासिक

अकलाडोंगरी में संकल्प से सिद्धि अभियान का हुआ आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विकसित भारत का अमृतकाल एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवांगन के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन ग्राम अकलाडोंगरी में हुआ। गंगरेल मंडल अध्यक्ष ने केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों का स्वागत करते हुए मोदीजी के 11वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल को ऐतिहासिक और उपलब्धियां से भरा बताया। मुख्य वक्ता प्रदेश कार्य समिति के सदस्य शशि पवार ने प्रधानमंत्री के 11 साल की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री जनधन योजना, आर्थिक सशक्तिकरण, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान सम्मान निधि, जीएसटी, सामाजिक उत्थान, आयुष्मान भारत योजना, शौचालय योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी।

मंडल प्रभारी एवं सह वक्ता चेतन हिंदूजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने से पूर्व जो संकल्प लिया था। उसे सिद्धि तक पहुंचाने का कार्य बखूबी कर रहे हैं। गंगरेल मंडल अंतर्गत 27 पंचायत में से 20 पंचायत में भाजपा का सरपंच चुना गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, उमेश साहू एवं दिग्विजय सिंह कृदत्त ने मोदी जी 11 वर्ष के ऐतिहासिक कार्यकाल की जानकारी दी। श्रीराम मंदिर निर्माण से लेकर भाजपा के शासनकाल में हुए विभिन्न विकास कार्यों, भारत की प्रबल सैन्य शक्ति के विषय में बताया। आगे कहा कि गांव के अंतिम व्यक्ति के विकास से लेकर राष्ट्र को शिखर तक पहुंचाने का कार्य किया है। सभा का संचालन चंद्रहास जैन, रमेश निषाद एवं आभार प्रदर्शन संकल्प सिद्धि अभियान संयोजक मुकेश यादव ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## मौज मस्ती खत्म, आज से स्कूल चले हम



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मौज मस्ती के दिन आज से समाप्त हो जाएंगे। गर्मी की छुट्टी के बाद स्कूल खुल रहे हैं। सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। स्कूलों में गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर बच्चों का स्वागत किया जाएगा। गर्मी को देखते हुए स्कूलों की छुट्टी को बढ़ाने की मांग की जा रही थी। शासन ने इन मांगों को दरकिनार करते हुए नियत तिथि 16 जून से स्कूलों को खोलने के निर्देश दिए हैं। आज से सभी स्कूलों में फिर से रौनक लौटेगी। उधर शाला और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के चलते भी लगभग सभी स्कूलों में व्यवस्था दुरूस्त हो चुकी है। ऐसे में स्कूलों में जोश खरोश के शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी चल रही है। सभी स्कूली बच्चों का स्वागत गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला और ब्लाक स्तर पर भी भव्य आयोजन कर शाला प्रवेशोत्सव मनाने की प्लानिंग की जा रही है। निजी स्कूलों में भी आरटीई के तहत प्रथम चरण का एडमिशन देने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके बाद दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

### नानी, नाना के घर से लौटे बच्चे

स्कूलों की छुट्टी लगते ही अधिकांश छोटे बच्चे नानी, नाना के घर चले गए थे। कुछ घूमने के लिए अन्य स्थानों पर या रिश्तेदारों के घर चले गए थे। अब स्कूल की छुट्टी समाप्त हो गई है। छुट्टियों के खत्म होने से पहले ही वे घर लौट आए हैं। छात्र दर्श शर्मा, खिलेश साहू, टिकेश्वर साहू ने बताया कि छुट्टियों में उन्होंने खूब एंजॉय किया। अब स्कूल खुल रहे हैं। स्कूल जाकर वे अपने दोस्तों से मिलेंगे, इसलिए स्कूल खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोग लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्व. युगल किशोर की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर ओजस्वी नर्सिंग होम में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। महापौर ने स्व. युगल किशोर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि जनसेवा के इस पावन कार्य से उनकी स्मृति चिरस्थायी बनती है। समाज के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है और यह स्वास्थ्य शिविर उसी सेवा भावना का प्रतीक है। इस प्रकार का शिविर समाज के कमजोर वर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। नगर निगम हमेशा ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए तत्पर रहेगा। शिविर में डा. राहुल ठाकुर, डा रागिनी ठाकुर व प्रतीक पटेल की टीम ने सैकड़ों नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श व दवाएं निःशुल्क प्रदान कीं। मौके पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि यह आयोजन पोस्ट आफिस वार्ड की पार्षद चंद्रभागा साहू के सहयोग से किया गया।

## ननि में कर्मचारियों की कमी, विकास कार्यों की रफ्तार पर लगा ब्रेक

- उपनेता प्रतिपक्ष ने रिक्त पदों को भरने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पालिक निगम धमतरी में लंबे समय से कई अहम पद रिक्त हैं, जिससे निगम की कार्यप्रणाली और शहर के विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग को लेकर उपनेता प्रतिपक्ष सत्येन्द्र देवांगन ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है।

श्री देवांगन ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के तहत नगर निकायों में स्वीकृत पद संरचना (सेटअप) के अनुसार कर्मचारियों की नियुक्ति अनिवार्य है। परंतु वर्तमान में नगर निगम धमतरी में कई महत्वपूर्ण पद जैसे कार्यपालन अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, सेनेटरी इंस्पेक्टर, उप अभियंता, राजस्व अधिकारी सहित अनेक पद खाली हैं। इससे जनहित कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। आगे कहा कि इन विभागीय पदों की अनुपलब्धता के कारण न तो योजनाओं की निगरानी ठीक से हो पा रही है और न ही जनसेवाओं का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से हो रहा है। नाली-सफाई, पेयजल आपूर्ति, निर्माण कार्य, टैक्स वसूली, सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे प्रमुख क्षेत्रों में कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जो सालों से संविदा में काम कर रहे थे, उन्हें प्लेसमेंट में डाल दिया गया है। जबकि उन्हें उनकी मेहनत का फल देते हुए रेगुलर करना चाहिए था।

## स्कूल सफाई कर्मियों ने खोला मोर्चा



- मांगें पूरी नहीं होने पर दी जिला शिक्षा कार्यालय के घेराव की चेतावनी
- महापौर रामू रोहरा से मांगों को पूर्ण कराने की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्कूलों में कार्यरत अंशकालीन सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। महापौर रामू रोहरा से मांगों को पूर्ण कराने गुहार लगाई है। निगम पहुंचे अंशकालीन सफाई कर्मचारी कल्याण संघ जिलाध्यक्ष लोकेश्वर कुमार व जिला सचिव कलीराम सिन्हा ने बताया कि जिले के शासकीय स्कूलों में 1485 अंशकालीन सफाई कर्मचारी हैं जो लंबे समय से अपनी सेवायें दे रहे हैं। उन्हें स्कूल में दो घंटे ही मूल कार्य करना होता है। 2013-14 में कुल 4 घंटे काम किये हैं। इसमें 2 घंटे उनका मूल कार्य शामिल है। लेकिन उक्त अवधि के 2 घंटे के अतिरिक्त कार्य का भुगतान बकाया है। इससे सफाई कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रीष्मकालीन मई व जून में भी वे स्कूलों में सेवा देते हैं लेकिन इन दो माह का मानदेय नहीं मिलता है। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण से जिले के 420 स्कूल बंद हो रहे हैं। प्रभावित स्कूलों के कार्यरत सफाई कर्मियों ने युक्तियुक्त शाला में कार्य कराने आदेश प्रदान करवाने को लेकर महापौर रामू रोहरा को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पीलूराम चक्रधारी, शेषनारायण ध्रुव, डामन सिन्हा, टिकेश्वर, डगेश्वर पटेल, दयानंद साहू सहित बड़ी संख्या में अन्य स्कूल सफाई कर्मी मौजूद थे। अतिरिक्त कार्य का वेतन भुगतान नहीं होने सहित अन्य समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर सफाई कर्मचारियों ने जिला शिक्षा कार्यालय का घेराव कर आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। शुक्रवार को शिकायत लेकर कलेक्टोरेट एवं जिला शिक्षा कार्यालय पहुंचे थे।

## युक्तियुक्तकरण प्राइवेट स्कूलों को लाभ पहुंचाने का षड्यंत्र : शत्रुहन सिंह



- सतवंत महिलांग को मिली राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ओबीसी संयोजन समिति प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक गंगरेल में हुई। समिति के संस्थापक शत्रुहन सिंह साहू ने सर्वसम्मति से सतवंत महिलांग को संगठन का राष्ट्रीय महासचिव घोषित किया।

जिला अध्यक्ष चेतन साखरे और आशीष साहू को 26 जून को ग्राम मड़ेली में साहूजी महाराज की जयंती की जिम्मेदारी दी तो वहीं जिला प्रभारी समारु सिन्हा और ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू को 7 अगस्त को ओबीसी सामाजिक न्याय दिवस का आयोजन करवाने की जिम्मेदारी सौंपी तथा 10 सितंबर ओबीसी दिवस के आयोजन के लिए सतवंत महिलांग, नेकराम, भीखम लाल, शैलेंद्र साहू, लुकेश राम साहू को जिम्मेदारी दी।

शत्रुहन सिंह ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के बहाने छत्तीसगढ़ सरकार सरकारी स्कूलों को बंद कर निजीकरण को बढ़ावा देते हुए प्राइवेट स्कूलों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रदेश के 10463 स्कूलों को बंद कर दिया है जिससे लगभग 45 हजार शिक्षक, सहायक शिक्षक और व्याख्याता अतिशेष की श्रेणी में आ चुके हैं अर्थात 45000 पद समाप्त कर दिए गए। इतना ही नहीं त्रुटिपूर्ण युक्तियुक्तकरण के कारण स्कूलों में कार्यरत हजारों स्वीपर एवं रसोइयों के सामने रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है जबकि 2008 सेटअप के अनुसार किसी प्राइमरी स्कूल में 60 विद्यार्थियों पर न्यूनतम 3 शिक्षक का प्रावधान था जिसे घटाकर अधिकतम दो शिक्षक कर शिक्षा की नींव को जानबूझकर बर्बाद किया जा रहा है। इसी तरह मिडिल स्कूल में न्यूनतम 5 शिक्षक को 4 तथा हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में एक-एक व्याख्याता को कम कर दिया गया है।

स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार बहुसंख्यक समाज के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने का कुत्सित षड्यंत्र कर रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर बल्दूराम, समारु सिन्हा, चेतन साखरे, घनाराम, नेकराम, चौथराम, रामबिशाल, मनोज साहू, लक्ष्मण निषाद, शैलेंद्र कुमार साहू, लुकेशराम साहू, राजेश साहू, सदानंद साहू, आशीष साहू, भीखम लाल, तेजराम, शंकर देवले, हितेंद्र सिन्हा मौजूद थे।

## कार्यशाला में दवा के संधारण और विक्रय पर दी जानकारी



**धमतरी।** जिला औषधि विक्रेता संघ के तत्वावधान में कुरूद जोन के इंडोर आडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया गया। एडीसी संजय राजपूत ने एच 1 एनआरएक्स अंतर्गत आने वाली सभी दवाइयों, दवा के संधारण और विक्रय, केमिस्टों को रिकॉर्ड रखने, पुरानी पर्ची पर एनआरएक्स दवाई न देने की जानकारी दी। ड्रग इंस्पेक्टर सुमित देवांगन ने कहा कि जिले के सभी केमिस्ट को सीसीटीवी लगाना अनिवार्य है। जीवन रक्षक दवाई का सही उपयोग और जरूरतमंद लोगों को समय पर उपलब्ध करें। ड्रग इंस्पेक्टर लोकेश साहू ने बताया कि वेटरनरी एवं एक्सपायरी दवा का अलग से चिन्हांकन करें। जिला संघ के अध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि मरीज को दवाई देते समय उनकी खुराक के बारे में जानकारी लें। दवाइयां को सुरक्षित रूप से स्टोर करें एवं मरीज से अपना व्यवहार सेवाभावी रखें। छोटे बच्चों को दवाई न दें एवं आदतन नशा करने वाले व्यक्तियों को परखें और उन्हें दवाई न दें। कार्यशाला में संघ के सचिव सतराम वाशानी, संरक्षक मनीष चंद्राकर, संयोजक तेजपाल जैन, बलराज खंडेलवाल, गोविंद गांधी, रुद्री जोन अध्यक्ष राकेश साहू, कुरूद जोन के अध्यक्ष नवीन साहू, पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा उपाध्यक्ष समेत अन्य मौजूद थे। मंच संचालन राजेश साहू व आभार प्रदर्शन अशोक शर्मा ने किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ से मिलिए
17 जून दिन मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद
18 जून दिन बुधवार सूरज मेडिकल, धमतरी
समय : सुबह 10:00 से 3 बजे
लकवा (स्ट्रोक) गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी)
जोड़ो पर दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान
L4-L5 नशों में दबाव के कारण
● रीढ़ की हड्डी पर दर्द, अकड़न, चलने पर दर्द बढ़ना, झुनझुनी, दाये और बाये पाव पर दर्द रहना।
घुटना दर्द
● घुटने पर सूजन, ज्यादा चलने और बैठकर उठने में दर्द।
● कट-कट की आवाज, लिक्विड कम होना हड्डी में गैप होना।
शुगर के कारण पाव के तलवो पर जलन, झुनझुनी, दर्द का संपूर्ण निदान
विशेष चिकित्सा
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
क्या आपके मूत्र मार्ग में जलन, दर्द बार-बार पेशाब जाने की इच्छा होती है क्या?
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें, समय : सुबह 10:30 से 4 बजे तक
जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581
स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411